
# 3 कुछ लेना कुछ देना

0326CH03

मैं किट्टू हूँ। यह मेरा घर है। काफ़ी बड़ा है न? इसमें 100 कमरे हैं। इनमें से कुछ कमरों को रँगने में मेरी मदद करो।



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |

© NCERT not to be republished

चलो कमरा 2 से शुरू करें। कमरा 12 तक पहुँचने के लिए ऐसे चलते हैं। पहले दायीं तरफ़ चल कर 10 तक पहुँचे। फिर 11 पर गए और बस एक कदम और, लो 12 पर पहुँच गए। अब कमरा 12 को रँग लिया।

यह 2 से 12 तक पहुँचने का एक रास्ता हुआ।

क्या कोई और छोटा रास्ता हो सकता है? क्यों नहीं।


2 से एक छलाँग ऊपर लो सीधे 12 पर पहुँच गए।

2 से 12 तक की छलाँग _______ कदम के बराबर है।

अब 14 से ऊपर एक छलाँग लगाकर देखो।


14 + 10 = 24

इस कमरे में रंग भरो।




मैं 22 से 41 तक कैसे पहुँचूँगा?
दो छलाँग में 22 से 42 पर पहुँच जाऊँगा।

फिर एक कदम बाएँ। हम इसे इस तरह से लिख सकते हैं।




22 + 20 = 42


42 − 1 = 41

कुल मिलाकर कितने कदम हुए? ____________

तुम इस तरीके से भी जा सकते हो –

22 से एक कदम बाएँ लेकर 21 पर पहुँचे।

फिर दो छलाँग ऊपर, लो पहुँच गए 41 पर।




22 − 1 = 21

21 + 20 = 41

**मेरी खाने की चीज़ें ढूँढ़ो**

***पहुँचो किट्टू के घर ढूँढ़ो जवाब***

सुनो! एक मज़ेदार बात।

माँ ने मुझे बताया कि कुछ कमरों में बढ़िया-बढ़िया मिठाईयाँ हैं।

इन कमरों को खोजने में मेरी मदद करो। कमरा संख्या या संख्याओं पर निशान लगाते जाओ।

क) 34 से 10 कम ____________ होगा।

ख) 53 − 20 = ____________

ग) 31 से 11 ज़्यादा ____________ होगा।



10 × 10 संख्या-ग्रिड दो अंकों की संख्याओं के जोड़ और घटाव के लिए एक उपयोगी साधन है। बच्चों को प्रोत्साहित करें कि वे ग्रिड के सहारे ऐसे जोड़-घटा के सवाल मुँह जुबानी करें।

© NCERT not to be republished

घ) 66 से 11 कम ___________ होगा।

ङ) 62 + 13 = ___________

च) 89 से 23 कम ___________ होगा।

छ) 10 से 40 ज़्यादा ___________ होगा।


ज) 28 में 9 जोड़ने से ___________ आएगा।

झ) 9 और 44 का जोड़ ___________ होगा।

ञ) 98 में से 34 कम करने पर ___________ होगा।

ट) 4 और उससे 37 ज़्यादा ___________ हो जाएगा।

ठ) 83 में से 35 निकाल देने पर हमें ___________ मिलेगा।




| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 92 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | 98 | 99 | 100 |
| 81 | 82 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | 88 | 89 | 90 |
| 71 | 72 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | 78 | 79 | 80 |
| 61 | 62 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | 68 | 69 | 70 |
| 51 | 52 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | 58 | 59 | 60 |
| 41 | 42 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | 48 | 49 | 50 |
| 31 | 32 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | 38 | 39 | 40 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |

© NCERT not to be republished

उदाहरण 47 = 37 + 10

37 + 9 = ☐




65 − 30 = ☐




☐ = 46 + 21




☐ = 87 − 30

66 − ☐ = 11

36 = ☐ + 9

45 + ☐ = 99

40 + ☐ = 76

☐ + 26 = 75

98 = ☐ + 50

☐ − 21 = 35

57 − ☐ = 20

© NCERT not to be republished

## झटपट जोड़



अनीशा ने 37 रुपए के सेब खरीदे। राजा ने 21 रुपए के केले खरीदे। फल वाली ने कहा –

37 का मतलब 30 और 7

21 का मतलब 20 और 1

इसलिए 37 और 21 मिलाकर 58 बनेंगे।




चलो हम भी कोशिश करें। ज़रा इस जोड़ को देखो।

26 + 43


20 + 6 + 40 + 3

20 + 40 + 6 + 3

60 + 9

69

जवाब हुआ 69




© NCERT not to be republished

क्या तुम इसे किसी और तरीके से जोड़ सकते हो? बोलो कैसे?

33 + 56 = 30 + 3 + 50 + 6

= 80 + 3 + 6

= 80 + 9 = 89

ज़रा देखो कि क्या तुम इन सवालों को भी वैसे ही कर सकते हो।

37 + 22 = 30 + 7 + 20 + 2

= ___ + ___ + ___



= ___ + ___ = ___

73 + 24 = ___ + ___ + ___ + ___

= ___ + ___ + ___

= ___ + ___ = ___

## आम-मिर्च का खेल

एक जोड़ा पासा लो (या इमली के दस बीज)और उस पर आई संख्याओं को जोड़कर आगे और पीछे चलो। हर खिलाड़ी के लिए अलग-अलग रंग का बटन लो। पन्नों पर बने बार्डर पर खेलो। अगर तुम आम पर पहुँचते हो तो तुम आगे (+) जाओगे। अगर तुम मिर्च पर कदम रखते हो तो पीछे (–) जाना पड़ेगा। देखो कौन पहले घर पहुँचता है!

56 + 21 = ___ + ___ + ___ + ___

= ___ + ___ + ___

= ___ + ___ = ___

56 + 21 = 56 + 20 + 1

= 57 + 20

= 77

आ हा!

मैं तो इसे इस तरीके से भी कर सकता हूँ!



अब तुम इस जोड़ को अपने मन में करो।
सीधे इन खानों में उत्तर लिखो।

33 + 42 = ___    ___ = 33 + 27    55 + 25 = ___

19 + 61 = ___    ___ = 34 + 63    67 + 25 = ___

___ = 48 + 42    ___ = 53 + 64    72 + 56 = ___

© NCERT not to be republished

## मैं तुम्हें एक कहानी सुनाता हूँ......

एक बार, एक शेर का बच्चा जंगल में रास्ता भूल गया। उसने रोना शुरू कर दिया और अपनी माँ को बुलाने लगा। एक बूढ़े हिरण को उस पर तरस आ गया। वह उसे अपने यहाँ ले आया। लेकिन उसे देखकर दूसरे हिरण डर गए। बाकी सब जानवर भी घबरा गए – खरगोश, गिलहरी, चिड़िया। हमारे बीच एक शेर! नहीं! नहीं! वह हमारे बच्चों को खा जाएगा। बूढ़े हिरण ने कहा – परेशान मत हो। मैं उसे समझा दूँगा। सुबह उठते ही शेर के बच्चे ने सबको धन्यवाद दिया और वहाँ से जाने लगा। खरगोश ने कहा – रुको, उसे ऐसे मत जाने दो। पहले गिन कर देखते हैं कि कहीं उसने हमें धोखा तो नहीं दिया। हम सब मिलकर 240 होने चाहिए। चलो गिनें।



टिल्लू ने खरगोश और हिरणों को गिना।
 27 और  48 थे।

बूढ़े हिरण ने चिड़ियों और गिलहरियों को गिना।
वहाँ पर 124  और 38  थीं।

संख्याओं के खेल वाले अध्याय में बच्चों ने टोकन कार्ड बनाए होंगे। लिखित सवाल करने से पहले जोड़ के अभ्यासों के लिए इन्हीं टोकन कार्डों का इस्तेमाल बच्चों से करवाएँ।



2021–22

चलो जोड़ें और देखें कि वहाँ कितने हिरण और खरगोश हैं।

| | | 10 | 1 | |
|---|---|---|---|---|
|  | की संख्या | 4 | 8 | 10 10 10 10 1 1 1 1 1 1 1 1 |
|  | की संख्या + | 2 | 7 | 10 10 1 1 1 1 1 1 1 |

| | | 10 | 1 | |
|---|---|---|---|---|
|  | | 1<br>4 | 8 | 10<br>10 10 10 10 1 1 1 1 1 1 1 1 |
|  | + | 2 | 7 | 10 10 1 1 1 1 1 1 1 |
| | | | 5 | |

सारे 1 साथ-साथ रखते हैं,
तो हमें पंद्रह 1 मिलेंगे
दस 1 मिलाकर 10 बनाएँगे
और हमारे पास 5 1 बचे रहेंगे

| | | 10 | 1 | |
|---|---|---|---|---|
|  | | 1<br>4 | 8 | 10<br>10 10 10 10 |
|  | + | 2 | 7 | 10 10 1 1 1 1 1 |
| | | 7 | 5 | |

अब सारे 10 साथ-साथ रखते हैं तो
हमें सात 10 मिलेंगे

इसलिए  और  की कुल संख्या = 75

© NCERT not to be republished

इसी तरह हम 124 चिड़ियों और 38 गिलहरियों को जोड़ सकते हैं।




की संख्या




की संख्या +

| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| की संख्या | 1 | [1] 2 | 4 |
| की संख्या + | | 3 | 8 |
| | 1 | 6 | 2 |

पहले सारे 1 साथ रख कर दस का समूह अलग कर लेते हैं




फिर 10 को साथ रख लेते हैं और अंत में हमें 100 मिलता है




इसलिए गिलहरियों और चिड़ियों की कुल संख्या 162 है,
हिरण और खरगोश की कुल संख्या 75 है।

बूढ़े हिरण ने कहा – हमारी कुल संख्या 240 थी, देखो अब हम कुल मिलाकर कितने हैं?

तुम अंदाज़ा लगाओ,
शेर का बच्चा घर गया या नहीं?
क्या शेर के बच्चे ने किसी जानवर को खा लिया था?



इसका पता लगाने के लिए नीचे दिए गए खानों में जोड़ो

 और  की संख्या

 और  की संख्या +

| 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

© NCERT not to be republished

## कितने बल्ब?

1. एक कारखाने में पहले दिन 270 बल्ब बने।
   दूसरे दिन 123 बल्ब बने।
   कारखाने में कुल मिलाकर कितने बल्ब बने?




पहले दिन 270 बल्ब बने




दूसरे दिन 123 बल्ब बने




270 + 123
क्या जोड़ 350 से ज़्यादा होगा
या 350 से कम होगा?

मुझे लगता है....
270 और 100 मिलाकर 370 होंगे?
जोड़ 350 से ज़्यादा होगा।

कुल कितने बल्ब होंगे?



**हल:**

| | | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|---|
| पहले दिन बने | | 2 | 7 | 0 |
| दूसरे दिन बने | + | 1 | 2 | 3 |
| कुल बल्ब | | 3 | 9 | 3 |





© NCERT not to be republished

2. दुकानदार रफ़ी के पास 153 मोमबत्तियाँ थीं। पारस ने उसे 237 मोमबत्तियाँ और दे दीं। अब रफ़ी के पास कुल मिलाकर कितनी मोमबत्तियाँ हो गईं?




237 + 153 = ?

जोड़ 400 से ज़्यादा होगा
या 400 से कम होगा?



| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 7 |
| + | 1 | 5 | 3 |
| जोड़ | | | |

इसी तरीके से नीचे दी गई कहानी के सवालों को हल करो। पहले सवाल को पढ़ो। फिर उसे अपने शब्दों में कहो और लिखने से पहले जवाब का अंदाज़ा लगाओ।

क) एक ट्रेन के डिब्बे में 132 लोग हैं। दूसरे डिब्बे में 129 लोग हैं। दोनों डिब्बों में कुल मिलाकर कितने लोग हैं?



© NCERT not to be republished



2021–22

ख) शानू को 138 पत्थर मिले।

करीम को 44 पत्थर मिले।

उन्हें कुल कितने पत्थर मिले?



| | 100 | 10 | 1 |
|---|---|---|---|
| | 1 | 3 | 8 |
| + | | 4 | 4 |
| | | | |

ग) एक शिक्षिका अपने स्कूल में यह पता लगाती है कि बच्चों को कौन से फल पसंद हैं।

| बच्चे | संतरा | आम | कुल |
|---|---|---|---|
| लड़कियाँ | 136 | 240 | |
| लड़के | 128 | 243 | |
| कुल | | | |



पता लगाओ –



क) कितने बच्चे ऐसे हैं जो संतरे पसंद करते हैं?


ख) कितने बच्चे ऐसे हैं जो आम पसंद करते हैं?


ग ) कुल मिलाकर स्कूल में कितने बच्चे हैं?

घ) लड़कियों की संख्या 350 से ज़्यादा हैं या कम?



© NCERT not to be republished




## अभ्यास का समय

क) (i) 345 + 52 (iv) 643 + 345

(ii) 492 + 29 (v) 750 + 219

(iii) 245 + 93

ख)

| | | |
|---|---|---|
| 319 | 304 | 363 |
| + 323 | + 406 | + 456 |
| | | |
| 427 | 684 | |
| + 248 | + 232 | |

### प हे ली

जोड़ है मेरा पक्का दोस्त
लड़ते हैं हम कभी नहीं
मुझको करके उसे बुलाओ
जाँचों क्या मैं हूँ सही।


### खेल – मन की बस

दो दोस्त इस खेल को खेलते हैं। तुम बस को देखो। हर बस स्टॉप पर कुछ लोग बस में चढ़ते (+) हैं। कुछ लोग उतरते (–) हैं। कुल मिलाकर कितने लोग बस में हैं? मन में हल करो और चर्चा करो। वे दोस्त जो ठीक उत्तर देते हैं उन्हें कुछ अंक मिलते हैं। अपने अंकों की सूची बनाओ। जोड़कर पता लगाओ कौन जीता।



जीति 5 अंक

© NCERT not to be republished







हर संख्या को लिखने के चार अलग-अलग तरीके पता लगाओ।




| 59 |
|---|
| 50 + 9 |
| 30 + 29 |
| 19 + 40 |
| 59 + 0 |

| 78 |
|---|
| + |
| + |
| 30 + |
| + |

| 83 |
|---|
| + |
| + 43 |
| + |
| + |


| 99 |
|---|
| + |
| + 39 |
| + |
| + |

| 102 |
|---|
| + |
| + |
| + |
| + 50 |


| 168 |
|---|
| + |
| + |
| + 68 |
| + |

**माथापच्ची**

1, 2, 3, 4, 5, 6 की संख्या को गोलों में इस तरह लिखो कि हर लाइन में लिखी संख्याओं का जोड़ 12 आए।



गीति 5 अंक






2021–22

## मिट्ठू के बस्ते तक पहुँचो

सभी सवालों को अपने मन में हल करो और खाने में लिखो



क) 75 + 20 = 95

ख) 90 + 60 = 150

ग) 25 + 30 + 3 =

घ) 9 + 40 + 31 =

ङ) 500 + 200 =

च) 400 + 350 =

छ) 670 + 120 =

ज) 380 + 210 =

झ) 205 + 650 =

ञ) 128 + 600 =

ट) 150 + 69 =

ठ) 37 + 46 + 3 =

इन जवाबों को क्रम से इस हरे बाग़ में ढूँढ़ते जाओ। तुम्हारे जवाब सही होंगे तभी तुम सही रास्ते से बस्ते तक पहुँच पाओगे नहीं तो भटक जाओगे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 95 | 150 | 73 | 428 | 59 |
| 80 | 58 | 590 | 855 | 615 |
| 700 | 750 | 790 | 728 | 155 |
| 341 | 212 | 93 | 219 | 47 |
| 100 | 99 | 120 | 86 | 200 |



© NCERT not to be republished

## कार्ड खेल

एक दिन बबली और गोपू खेल रहे थे। बबली ने गोपू को अलग-अलग संख्याओं के तीन कार्ड दिए। उसने कार्डों को दो तरीकों से रखा।

क्या तुम इन कार्डों को इन दो तरीकों के अलावा किसी और तरीके से भी रख सकते हो?




| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 150 | − | 30 | = | 120 |

बबली ने उसे इस तरीके से रखा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 120 | + | 30 | = | 150 |
| 30 | + | 120 | = | 150 |

क्यों, है न मज़ेदार?

यह खेल तुम भी खेल सकते हो। मान लो ये तुम्हारे कार्ड हैं। अब सोचो संख्याओं को अलग-अलग तरह से लिखने के क्या-क्या तरीके हो सकते हैं।

क) 50 70 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | + | | = | |
| | + | | = | |

50 20 70

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | − | | = | |
| | − | | = | |

ख) 30 42 12

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | + | | = | |
| | + | | = | |

30 42 12

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | − | | = | |
| | − | | = | |

© NCERT not to be republished